तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 उद्‌घाटन के पूर्व ही ट्रांसपोर्टनगर हथखोज में कब्जों का...





10 केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बहाई जा रही विकास ...





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
02 जून 2026
कूपन नं.
3


# जनगणना 2027 का प्रथम चरण जिले में सम्पन्न, अधिकारियों-कर्मचारियों ने निभाई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण (फेज-1) मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य जिले में संपन्न हो गया है। यह राष्ट्रीय महत्व का अभियान केवल जनसंख्या संबंधी आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश एवं राज्य के भावी विकास की मजबूत आधारशिला तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनगणना के माध्यम से विभिन्न वर्गों तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच तथा उनकी प्रभावशीलता का आकलन किया जाता है। भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना 2027 का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में दो चरणों में संपादित किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य 1 मई 2026 से प्रारंभ होकर 30 मई 2026 को पूर्ण हुआ। वहीं द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में किया जाएगा। प्रथम चरण के दौरान संकलित जानकारी आगामी जनसंख्या गणना के लिए आधार तैयार करेगी, जिससे कोई भी मकान अथवा परिवार गणना से वंचित न रह जाए।

**मोबाइल एप के माध्यम से जुटाई गई जानकारी:** प्रथम चरण के दौरान प्रगणकों ने जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में घर-घर जाकर प्रत्येक मकान एवं उसमें निवासरत परिवारों से जानकारी संकलित की। भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 33 प्रश्नों के आधार पर मकानों की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से एकत्र की गई। संकलित समस्त जानकारी भारत सरकार के सर्वर में सुरक्षित रूप से संग्रहीत कर ली गई है।

## नागरिकों के सहयोग से पूरा हुआ राष्ट्रीय महत्व का कार्य

### जिले में बनाए गए 1542 गणना ब्लॉक

बेमेतरा जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य 11 नगरीय निकायों तथा 9 तहसीलों में संपादित किया गया। कार्य के सुचारू संचालन के लिए जिले में 9 ग्रामीण चार्ज एवं 11 नगरीय चार्ज बनाए गए थे। इन चार्जों के अंतर्गत कुल 1542 मकानसूचीकरण गणना ब्लॉकों का गठन किया गया था। जनगणना कार्य के सफल संचालन हेतु जिले में कुल 1828 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इनमें 3 जिला स्तरीय अधिकारी, 31 चार्ज अधिकारी, 2 मास्टर ट्रेनर, 34 फील्ड ट्रेनर, 1495 प्रगणक तथा 263 पर्यवेक्षक शामिल रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समन्वित प्रयासों से इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संपादित किया।

### जनगणना संबंधी जानकारी पूर्णतः गोपनीय

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई व्यक्तिगत जानकारी को जनगणना अधिनियम 1948 एवं जनगणना नियमावली 1990 के प्रावधानों के तहत पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा। इन आंकड़ों का उपयोग केवल नीति निर्माण, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा। संपूर्ण जनगणना प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भारत सरकार द्वारा निर्धारित समय पर आंकड़े जारी किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पंचायत नवागढ़ में समाधान शिविर आज

**बेमेतरा।** सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पंचायत नवागढ़ में आज 2 जून को जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। यह नगर पंचायत कार्यालय भवन परिसर, नवागढ़ में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही भी की जाएगी। जिला प्रशासन ने संबंधित वार्डों के नागरिकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### वाहन चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजा जेल

**भिलाई।** वाहन चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम चोंगीखपरी जिला बेमेतरा निवासी प्रियंका निषाद 30 मई को डी.एल.एड प्रथम वर्ष की परीक्षा जे.आर.डी. स्कूल दुर्ग पहुंची थी। जहां स्कूल गेट के पास वाहन सीजी 07 सीएस 3289 को रखी थी। पेपर देने के बाद वापस लौटी तो उक्त जगह पर उसका वाहन गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद वाहन नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत किया। मुखबिर की सूचना पर बस स्टैंड दुर्ग के पास स्कूटी बेचने के लिये युवक ग्राहक की तलाश कर रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकडा गया पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम एचआईजी सेक्टर 06 देवेन्द्र नगर रायपुर निवासी अभिषेक एम जोशी बताया है। वाहन की कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है।

### गांजा तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** गांजा की तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि अटल अवास शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी रघुवीर नेताम को पकड़ा गया। उसके पास 1 किलो 84 ग्राम गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत 55 हजार 450 रुपये है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने युवक को रोककर पूछताछ करने पर उसके पास से गांजा मिला। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने लोगों से अपील किया है कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की सूचना पुलिस को दे। ऐसे अपराधों में शामिल लोगों पर कार्रवाई की जा सके।

### हल्की बारिश से तापमान 2 डिग्री सेल्सियस गिरा

**भिलाई।** शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात हल्की बारिश और नम हवाओं की वजह से पारा 2 डिग्री सेल्सियस गिरा है। इस गिरावट से लोगों को दिन में लू से काफी राहत मिली। रविवार को ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

यह सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा है। पिछले तीन दिन पहले अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था। जिसकी वजह से लू चल रही थी और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। मौसम का यह बदलाव आने वाले दिनों में भी रहने की संभावना है।

## कांटा तार घेराबंदी और पुरानी रंजिश बनी हत्या की वजह

# खेत विवाद ने ली जान: डंडे से पीटकर किसान की हत्या, पिता-पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम मुरकुटा में खेत की घेराबंदी को लेकर चल रहे विवाद ने खूनी रूप ले लिया। कांटा तार लगाने और पुरानी रंजिश के चलते एक किसान की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मामले में नवागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम मुरकुटा निवासी अमरकांत नवरंग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पिता विद्यासागर नवरंग (57) और पड़ोसी गेंदलाल नवरंग के बीच खेत, पानी निकासी तथा तारबंदी को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे विद्यासागर नवरंग को अकेला पाकर गेंदलाल नवरंग और उसके पुत्र शशीकांत उर्फ सुशील नवरंग ने डंडे से हमला कर दिया। आरोपियों ने सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



### पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया

एफएसएल टीम की सहायता से घटनास्थल का निरीक्षण एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई की गई। पूछताछ में आरोपी गेंदलाल नवरंग ने स्वीकार किया कि खेत में कांटा तार लगाए जाने से उसे आने-जाने में परेशानी होती थी और इसी बात को लेकर वह विद्यासागर नवरंग से रंजिश रखता था। पुलिस ने आरोपी गेंदलाल नवरंग (67 वर्ष) एवं शशीकांत उर्फ सुशील नवरंग (42 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम मुरकुटा, को गिरफ्तार कर धारा 103(1) एवं 3(5) बीएनएस के तहत न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# सर्व ब्राह्मण समाज की जिला स्तरीय बैठक में संगठन विस्तार और नई नियुक्तियों की हुई घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- नरेंद्र शर्मा बने नवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष, प्रवीर एवं प्रमोद को मिली तहसीलों की कमान

सर्व ब्राह्मण समाज नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के तत्वावधान में रविवार को मिलन मंगल भवन, नवागढ़ में आयोजित जिला स्तरीय सामाजिक बैठक, संगठन विस्तार एवं पदाधिकारी घोषणा समारोह ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ।

राष्ट्रीय, प्रदेश, संभाग एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में नवागढ़, नांदघाट एवं दाढ़ी तहसील क्षेत्र सहित विधानसभा के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में विप्र बंधुओं ने भाग लेकर सामाजिक एकता और संगठनात्मक शक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन देते हुए सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश सचिव विकास धर दीवान ने कहा कि नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहली बार समाज इतने बड़े स्तर पर एक मंच पर संगठित हुआ है। उन्होंने बताया कि संगठन विस्तार के प्रथम चरण में विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव तक पहुंचकर सामाजिक जनगणना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके माध्यम से समाज के प्रत्येक परिवार का डाटा संकलित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन केवल पदों का गठन नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक परिवार तक संवाद स्थापित करने का माध्यम है।

मुख्य अतिथि एवं सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा, संस्कार और संगठन समाज की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि यदि ▶▶| शेष पेज 11 पर

### नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जताया विश्वास

नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, नवागढ़ तहसील अध्यक्ष प्रवीर दत्त दुबे, नांदघाट तहसील अध्यक्ष प्रमोद शर्मा तथा नवागढ़ नगर अध्यक्ष रामनारायण पाठक ने संक्षिप्त उद्बोधन में समाज द्वारा व्यक्त विश्वास के लिए आभार प्रकट करते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

**मेधावी विद्यार्थियों एवं प्रतिभाओं का हुआ सम्मान:** कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर कौस्तुभ धर दीवान को माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई एवं हॉर्स राइडिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तथा सिद्धांत शर्मा को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले झलक मिश्रा, रुद्र मिश्रा, अर्पित पाठक, निष्ठा शर्मा, परिधि शर्मा एवं राखी शुक्ला का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, समाजजनों एवं सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बंशीधर दीवान, रितेश शर्मा, राजेंद्र मिश्रा, मनोज मिश्रा, रोशन धर दीवान, रितेश मिश्रा, ▶▶| शेष पेज 11 पर

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिला चिकित्सालय बेमेतरा में दिलाई गई तंबाकू त्यागने की शपथ, स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की दी जानकारी

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के निर्देश एवं सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सकीय स्टाफ, मरीजों के परिजन तथा आम नागरिकों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू ने कहा कि जिले में विशेष अभियान चलाकर तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों, कोटपा अधिनियम- 2003 तथा ई-सिगरेट अधिनियम-2019 के प्रभावी अनुपालन के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तंबाकू से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है। दंत चिकित्सक डॉ. विजया रमन ने बताया कि तंबाकू युक्त उत्पादों का सेवन मुख कैंसर का प्रमुख कारण है। उन्होंने लोगों से तंबाकू सेवन से दूर रहने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम में काउंसलर गोविंद पुराणिक नायक ने तंबाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों की जांच एवं परामर्श किया। साथ ही उन्हें उपचार संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम मलपुरी खुर्द नंदिनी निवासी लक्की गेण्ड्रे , गौकरण बंजारे को पकड़ा गया। युवकों के पास से 40 पौवा देशी मदिरा शराब 4, हजार रुपए का जब्त किया। एक बाइक भी बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 34 हजार रुपए आंकी गई है। नंदिनी पुलिस थाना क्षेत्र की घटना है।

### मैग्नेटिक क्रेन से लोहा लोड कराने वाला सुपरवाइजर गिरफ्तार

**भिलाई।** बीएसपी से करोड़ों रुपए का लोहा पार होने के मामले में पुलिस अब तक 6 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। अभी भी मामले का मास्टर माइंड संजय सिंह व अन्य फरार हैं। इसके साथ ही पुलिस फ्लू डस्ट की ठेका कंपनी, के साथ ही उससे जुड़े ट्रांसपोर्टरों पर भी शिकंजा कस रही है। भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सांई एसोसिएट का सुपरवाइजर सेक्टर 1 निवासी घनश्याम गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। लोहा चोरी का मास्टार माइंड संजय सिंह फरार है। आरोपी घनश्याम क्रेन के जरिए लोहे का स्क्रैप फ्लू डस्ट में लगे ट्रकों में लोड करता था।

# अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 34 आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश, कई मामलों का मौके पर समाधान

अपर कलेक्टर गुड्डूलाल जगत के द्वारा सोमवार को कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

जनदर्शन के दौरान अपर कलेक्टर श्री जगत ने उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं मौके पर बुलाकर आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कई मामलों में समस्याओं का समाधान तत्काल मौके पर ही किया गया। आज आयोजित जनदर्शन में विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं से संबंधित कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए।



तात्कालिक महत्व के मामलों का जहां शीघ्र निराकरण किया गया, वहीं गंभीर एवं जांच योग्य प्रकरणों को टीएल पंजी में दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैटरी चलित ट्रायसायकल, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित विभिन्न जनहित से जुड़ी समस्याओं के आवेदन भी प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्री जगत ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए तथा नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

## बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और साहित्य सृजन में उल्लेखनीय योगदान के लिए हुए सम्मानित

# शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा के लिए धनेश रजक को मिला शब्द शिखर सम्मान-2026

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षा, साहित्य, भाषा संरक्षण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए बेमेतरा जिले के प्रधान पाठक धनेश रजक को प्रतिष्ठित शब्द शिखर सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा आयोजित /"काव्य महाकुंभ-2026 में प्रदान किया गया।

विकासखंड साजा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी में पदस्थ प्रधान पाठक धनेश रजक लंबे समय से विद्यालयीन शिक्षा को रोचक, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों के लिए अनेक प्रेरणादायक पुस्तकों का लेखन किया है, जिनमें बाल कविताएं, गीत, कहानियां तथा शैक्षणिक सामग्री प्रमुख हैं।



धनेश रजक हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी बोली-भाखा के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। उनकी रचनाओं में लोक संस्कृति, नैतिक मूल्य और सामाजिक चेतना का समावेश देखने को मिलता है, जिसके कारण वे पाठकों और विद्यार्थियों के बीच विशेष लोकप्रिय हैं। साहित्यिक गतिविधियों के साथ-साथ वे समाज सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं। जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे उनके प्रयासों की व्यापक सराहना होती रही है। रायपुर स्थित वृंदावन सभागृह में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेशभर से पहुंचे साहित्यकारों, शिक्षाविदों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। धनेश रजक को शब्द शिखर सम्मान-2026 मिलने पर क्षेत्र के शिक्षकों, साहित्यकारों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे बेमेतरा जिले तथा शिक्षा जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

## खबर संक्षेप



### तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन का 3 जून को प्रदर्शन

**दुर्ग।** छग शासन द्वारा छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी, न्यायिक अधिकारी, कर्मचारियों तथा आईएएस, आईपीएस एवं आईएफएस अधिकारियों को 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत कर दिया गया है किन्तु राज्य शासन के लगभग साढ़े चार लाख अधिकारी तथा कर्मचारियों के लिए अभी तक डीए की घोषणा नहीं की गई है जिससे राज्य के कर्मचारियों में आक्रोश है। संगठन पदाधिकारी विजय लहरे प्रांतीय महामंत्री, प्रदीप चौहान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भानु प्रताप यादव जिलाध्यक्ष, शिवदयाल घृतलहरे जिला सचिव, अनुरूप साहू, धर्मेन्द्र देशमुख, सूखेन्द्र देवांगन, मोतीराम खिलाड़ी ने बताया कि केन्द्र की तिथि से महंगाई भत्ता एवं पूर्व के डीए एरियर्स सहित अन्य मांगों को लेकर 3 जून बुधवार को भोजनावकाश में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

### मीमांसा ने कूडो में जीता स्वर्ण पदक

**दुर्ग।** दुर्ग जिले की मात्र 7 वर्षीय मीमांसा साहू ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस मिलिट्री स्कूल, फूलगांव पुणे महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय कूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मीमांसा 3 साल की उम्र से कूडो सीख रही है। पिछले वर्ष सूरत में हुई नेशनल चैंपियनशिप में मीमांसा ने एक सिल्वर और एक कांस्य पदक जीता था। इस बार पुणे में गोल्ड जीतकर उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। मीमांसा की यह उपलब्धि उनकी उम्र के अन्य बच्चों के लिए भी अत्यंत प्रेरणादायक है। मीमांसा की इस उपलब्धि में उनके ट्रेनर राजा कौशल एवं लिलिमा का विशेष योगदान रहा है। परिजनों ने मीमांसा की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। मीमांसा नारायणा ई-टेक्नो स्कूल बोरसी दुर्ग में कक्षा 2 की छात्रा है।



### परिजनों को मिली 4-4 लाख की सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जानकारी के अनुसार, मैथीलपारा वार्ड नं. 32, तहसील व जिला दुर्ग निवासी शुभम महोबिया की विगत 2 मार्च 2025 को महमरा एनीकेट शिवनाथ नदी में पानी में डूबने से, ग्राम परसदापार तहसील बोरी निवासी ओमनारायण निषाद उर्फ ओमनारायण विनायक की विगत 9 अगस्त 2025 को ग्राम के शिव मंदिर तालाब में नहाते समय पैर फिसल जाने और गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हुई थी। इंदिरा नगर चरोदा निवासी ई. देव्यांश की विगत 19 जून 2021 को रायपुर महादेव घाट खारून नदी में नहाते समय पानी की तेज धार के कारण गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

## दुर्ग में सर्व सुविधायुक्त, संयुक्त जिला कार्यालय भवन निर्माण की घोषणा

# केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बहाई जा रही विकास की नई गंगा : सीएम

**जेआरडी स्कूल मैदान दुर्ग में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। राज्य सरकार के द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता के बीच पहुंचकर अपना रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत की जा रही है। उक्त बातें रविवार को स्व. झाडू देवांगन शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में आयोजित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की मांग पर जिला और पुलिस प्रशासन के लिए सर्वसुविधायुक्त संयुक्त जिला कार्यालय भवन का निर्माण कार्य करने की घोषणा की। समारोह में मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद विजय बघेल, महापौर अलका बाघमार, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला पचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड जितेन्द्र साहू, खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक जागेश्वर साहू, सांवला राम डाहरे, जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल, संभाग आयुक्त एसएन राठौर, पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।






### हितग्राही हुए लाभांवित, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और अतिथियों ने हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया। इसके अंतर्गत राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना के तहत हितग्राही अरूण चन्द्राकर/कन्हैयालाल, दिनेश/कोपलाल, गोवर्धन लाल/नम्मू, पुरूषोत्तम/शत्रुहन, नोकेश/कोपीराम, जमुना/शंकर और कीर्तिका/संतोष को अधिकार अभिलेख का वितरण किया गया। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मेरिट योजना में स्थान बनाने वाले 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं साहिल बरेठ/रमेश कुमार बरेठ और तनुजा वर्मा/सुनिल वर्मा, शौर्य गहिन/कुमेश कुमार, तुलसी साहू/लेखराम साहू तथा 12वीं कक्षा के छात्र-छात्रा रिया साहू/राकेश कुमार साहू, अंशू गुप्ता/गीता गुप्ता को मोमेन्टो/हाथ घड़ी प्रदान की गई। जिला पंचायत के माध्यम से संचालित मनरेगा योजना के तहत जाब कार्ड बांटे गए।

### सीएम ने बांटे एचपीवी सर्टिफिकेट और वयवंदन कार्ड

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीव्ही वैक्सीन लगाने वाली किशोरी बालिकाओं को ई सर्टिफिकेट वितरण किया गया। वहीं 70 प्लस आयु समूह के लोगों को वयवंदन कार्ड बनाकर मुख्यमंत्री विष्णु देव के हाथों दिया गया। मत्स्य विभाग द्वारा नकुल धीवर जय गंगा मैया मछुआ सहकारी समिति मर्या. खुरसुल और सुन्दर लाल शिवनाथ मछुआ सहकारी समिति मर्या. मोहलाई को जाल तथा शकुन बाई, स्व सहायता समूह दुर्ग को आइस बॉक्स प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत कृपाल कौर, निर्मला गावडे, अभय गावडे और पवन कौशिक को आयुष्मान वय वंदन कार्ड दिए गए, तथा एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत केशिका साहू, सम्भवी सोनी, ईशिका साहू, अर्पिता राजपूत, अपेक्षा जैन और सुरभि आडिल को एचपीवी प्रमाण पत्र बांटे गए।

### मुख्यमंत्री ने किया आईटी पार्क का लोकार्पण

दुर्ग। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सिविल लाईन्स स्थित आईटी पार्क का लोकार्पण किया।



मुख्यमंत्री ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने से पूर्व आईटी पार्क का उद्घाटन किया। सिविल लाईन्स स्थित यह आईटी पार्क लगभग 3,900 वर्ग मीटर भूमि पर निर्मित किया गया है, जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 2,907.26 वर्ग मीटर है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस आईटी पार्क में 40 बड़े ऑफिस रूम, पांच बड़े हॉल, मैस सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पूरा परिसर बाउंड्रीवॉल से घिरा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईआईटी भिलाई और प्रदेश शासन के सहयोग से इस आईटी पार्क निर्माण किया गया है। वर्तमान में 40 आई कम्पनियां कार्यरत हैं, भविष्य में 100 और कम्पनियों ने कार्य करने की सहमति जताई है। इससे युवाओं के लिए तकनीकी ज्ञान एवं विकास की राह आसान होगी।

### इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग

श्री साय ने लोकार्पित नालंदा परिसर के संबंध में प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े युवा-युवतियों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ-साथ यहां के विद्यार्थियों के लिए आईएएस, आईपीएस बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर श्री साय ने बताया कि दुर्ग शहर में 100 सीटर छात्रावास भवन और इंदिरा मार्केट दुर्ग में मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। दुर्ग वासियों को मिली सौगातें स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सुशासन तिहार में शामिल होकर मुख्यमंत्री साय के द्वारा 739 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी गई। उन्होंने सुशासन तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री और अतिथियों का अभिनंदन व स्वागत किया। आज दुर्ग वासियों को जिले को अनेक बड़ी सौगातें मिली हैं।

### बस्तर संभाग अब नक्सलवाद से मुक्त

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ इच्छा-शक्ति एवं अप्रितिम कार्यकुशलता के फलस्वरूप लंबे समय से नक्सलवाद की दंश झेल रहे छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने में हम सफल हुए हैं। नक्सलवाद की दंश से मुक्त होने के पश्चात केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा बस्तर में विकास की नई गंगा बहाई जा रही है। इस अवसर पर श्री साय ने बस्तर के महान शहीद गुंडाडुर के गांव नेतानार में सेवा डेरा खोले जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्राम नेतानार में स्थापित सेवा डेरा में ग्रामीणों और आदिवासियों को ईमली प्रसंस्करण, ढेकी चांवल और सिलाई आदि विभिन्न आजीविका मूलक कार्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नक्सलवाद के खात्मे के बाद केन्द्र व राज्य सरकार के संयक्त प्रयासों से बस्तर में अब विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। इस अवसर पर सीएम साय ने राज्य में भ्रष्टाचार पर सख्त लगाम लगाने राज्य शासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी।




### शिविर में समस्याओं का त्वरित निदान : साय

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एक मई से प्रदेश के सभी जिलों में निरंतर सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। राज्य में 10 जून तक लगातार सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों और हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के साथ-साथ उनके मांगों और समस्याओं का भी त्वरित निराकरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। सीएम ने जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टॉल में युवाओं का ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के अलावा मत्स्य पालक कृषकों को मछली जॉल के वितरण के अलावा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान 01 मई से लेकर अब तक वे प्रदेश के कुल 17 जिलों का भ्रमण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम तिथि 10 जून तक वे प्रदेश के सभी 33 जिलों में आयोजित सुशासन तिहार में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य के बागडोर सम्हालने के पश्चात सर्वप्रथम हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत राज्य के 18 लाख गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने की घोषणा की थी। मुझे खुशी है कि इन सभी गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दे दी गई है। इसके साथ ही स्वीकृत सभी आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा राज्य में महतारी वंदन योजना लागू कर इस योजना के अंतर्गत उनके खाते में प्रतिमाह में एक-एक हजार रूपए की राशि अंतरित करने का कार्य किया जा रहा है।




### मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय सेन को दी श्रद्धांजली

दुर्ग। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दुर्ग प्रवास के दौरान लोकांगन परिसर भिलाई पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के बड़े भाई स्व. दिनेश सेन के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजली दी। ज्ञात हो कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के बड़े भाई स्वर्गीय दिनेश सेन का निधन 17मई को हो गया। मुख्यमंत्री साय ने विधायक रिकेश सेन और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।



# कृषि विभाग का दावा : जिले में पर्याप्त खाद, 32970 मीट्रिक टन का स्टॉक

**दुर्ग।** कृषि विभाग ने जिले में यूरिया एवं अन्य उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने का दावा किया है। उनका कहना है कि फसलों की अवस्थाओं के आधार पर यूरिया आवश्यकता 3 किस्तों में वितरण की जाएगी। जिसमें दीर्घ श्रेणी के कृषकों को केवल यूरिया दो किस्तों में उर्वरकों का वितरण और लघु श्रेणी के कृषकों को यूरिया का वितरण उनके रकबे के आधार पर एकमुश्त की जा रही है।

उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में भंडारण एवं वितरण की कार्यवाही की जा रही है। जिले में खरीफ 2026 हेतु कुल 67880 मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में सहकारी एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर जिले में 15910 मीट्रिक टन यूरिया, 2643 मीट्रिक टन डीएपी, 2919 मीट्रिक टन एनपीके, 4544 मीट्रिक टन एमओपी तथा 6956 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 32970 मीट्रिक टन उर्वरक भंडारण किया गया है। सेवा सहकारी समितियों एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को लगातार उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। अब तक 6054 मीट्रिक टन यूरिया, 2195 मीट्रिक टन डीएपी, 2042 मीट्रिक टन एनपीके, 2016 मीट्रिक टन एमओपी तथा 3575 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 15882 मि.टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है तथा वर्तमान में जिले में 9856 मीट्रिक टन यूरिया, 447 मीट्रिक टन डीएपी, 877 मीट्रिक टन एनपीके, 2528 मीट्रिक टन एमओपी तथा 3381 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 17089 मि.टन उर्वरक शेष है। जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है।

जिले की सहकारी समितियों में धान एवं अन्य खरीफ फसलों के प्रमाणित बीजों का उठाव और वितरण सुचारू रूप से जारी है। वर्तमान में जिले को सहकारी क्षेत्र के लिए 29827 क्वि. प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य है। जिसके विरूद्ध 31134 क्वि. बीज की उपलब्धता है और समितियों में 17013.40 क्वि. बीज का भण्डारित किया गया है जिसमें से 11066.40 क्वि. बीज वितरण किया जा चुका है। विभाग द्वारा नकली एवं घटिया खाद-बीज की बिक्री को रोकने के लिये उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है जो निजी विक्रेताओं और समितियों की निरंतर जांच कर रही है, ताकि कृषकों को गुणवत्ता युक्त बीज, उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।

कृषि विभाग द्वारा सभी किसानों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले की सहकारी समितियों में खाद एवं प्रमाणित बीज की कोई कमी नहीं है। किसान अपनी आवश्यकता अनुसार सुगमता से समितियों में जाकर खाद-बीज प्राप्त कर सकते है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण, 5 जून से होंगे विविध आयोजन, कार्यक्रम को लेकर भाजपा की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- बढ़ता भारत बदलता भारत कार्यक्रम को लेकर भाजपा की कार्यशाला




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 तक बढ़ता भारत बदलता भारत कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन थे। अन्य अतिथि के रूप में महापौर अल्का बाघमार, चंद्रिका चंद्राकर, माया बेलचंदन, दिलीप साहू, विनोद अरोरा आदि मौजूद थे।

बैठक में 5 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम मीडिया संवाद, पौधारोपण, लाभार्थी जनसंपर्क, बुद्धिजीवी वर्ग सभागार बैठक, प्रगति पथयात्रा, योग दिवस के लिए दिशा निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया। जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन ने कहा कि भाजपा जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन ने कहा कि वर्ष 2014 से शुरू हुई यह विकास यात्रा आज भारत को विश्व पटल पर एक महाशक्ति के रूप में स्थापित कर चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नीतिगत निर्णयों, दृढ़ इच्छाशक्ति और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र ने देश के हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग सभी के सामूहिक प्रयास के कारण हर कार्यक्रमों का सफल संपादन करती है। विगत दिनों संपन्न हुए प्रशिक्षण वर्ग सभी ने अपनी शत प्रतिशत उपलब्धता के साथ सफल रूप से संपादित किया गया है। भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है और तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर अग्रसर है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, अशोक राठी, मंत्री गिरेश साहू, शैलेंद्र शैंडे, हिमा साहू, सैयद आसिफ अली, दिनेश देवांगन आदि उपस्थित थे।

## फलदार, फूलदार एवं सजावटी पौधों का कर रही उत्पादन

# पशुपालन व नर्सरी का व्यवसाय कर बनीं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति हो गई सहज

महिलाओं को उचित अवसर, मार्गदर्शन एवं सहयोग मिले, तो वे आत्मनिर्भर बनकर परिवार एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। आज गांव में महिलाएं सशक्तिकरण की मिशाल बन चुकी हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकासखंड पाटन, ग्राम पंचायत चंगोरी की निवासी यामिनी वर्मा दीदी जागृति स्व-सहायता समूह की एक सक्रिय सदस्य बन चुकी है। उनके समूह में कुल 11 सदस्य हैं। समूह से जुड़ने के बाद यामिनी के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया और उन्होंने आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

समूह से जुड़ने से पहले वे केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं। सीमित आय के कारण परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाई होती थी। समूह से जुड़ने के बाद प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के माध्यम से उन्हें नई जानकारी प्राप्त हुई। समूह से प्राप्त आरएफ एवं सीआईएफ राशि से उन्होंने पशुपालन एवं नर्सरी व्यवसाय प्रारंभ किया।





### यामिनी वर्मा दीदी बनीं महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक मिशाल

पशुपालन विभाग के माध्यम से उन्हें दो गाय प्राप्त हुए, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 70 हजार रुपये हैं। विभाग द्वारा पशु देखभाल, टीकाकरण, चारा प्रबंधन एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने प्रशिक्षण भी दिया गया। वर्तमान में वे दूध, दही, छाछ एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की बिक्री कर प्रतिमाह लगभग 5 से 6 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। इसके साथ ही स्व-सहायता समूह के सहयोग से नर्सरी व्यवसाय भी प्रारंभ की। वे फलदार, फूलदार एवं सजावटी पौधों का उत्पादन कर आसपास के गांवों में बिक्री कर रही है। इस व्यवसाय से उन्हें प्रतिमाह लगभग 10 से 15 हजार रुपये तक की अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। पशुपालन एवं नर्सरी व्यवसाय से उनकी कुल मासिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई, बच्चों की पढ़ाई बेहतर हुई तथा घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति सहज हो गई। अब यामिनी वर्मा दीदी गाँव की अन्य महिलाओं को भी स्व-सहायता समूह से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

# निगम आयुक्त ने किया वार्ड 17 का औचक निरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

**भिलाई।** शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ सामुदायिक भवन, निर्माणाधीन सुलभ शौचालय और आमजनों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय एक्शन मोड में नजर आए। आयुक्त ने सुबह वार्ड क्रमांक 17 का औचक निरीक्षण किया। लगभग 2 घंटे तक चले इस सघन निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड की सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। नेहरू भवन का अवलोकन किया गया आवश्यक व्यवस्था में सुधार हेतु निर्देशित किए हैं। निर्माणाधीन सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया आम नागरिकों से इसके उपयोग के संबंध में चर्चा किया गया।



निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वार्ड की गलियों, मुख्य सड़कों और ड्रेनेज सिस्टम का जायजा लिया। उन्होंने सफाई कर्मियों की उपस्थिति और कचरा संग्रहण (डोर-टू-डोर कलेक्शन) की स्थिति को भी देखा।

वार्ड भ्रमण के दौरान जिन भी स्थलों पर सड़कों पर निर्माण सामग्री या अन्य प्रकार की बाधा पाई गई, उस पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले स्थलों को चिह्नित करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सख्त वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, सफाई पर्यवेक्षक एवं एजेंसी प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वार्ड 17 की तरह ही शहर के अन्य वार्डों में भी सुबह का औचक निरीक्षण जारी रहेगा।

**समस्या : कागजों में अटकी सरोधा सड़क की फाइल, बढ़ी परेशानी**

# सरोधा सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव अधर में, यातायात व पर्यटन दोनों प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के विस्तार और बढ़ते यातायात दबाव के बीच एसडीएम कार्यालय से लालपुर तिराहा होते हुए सरोधा बांध तक सड़क चौड़ीकरण की बहुप्रतीक्षित योजना अब भी कागजों में ही अटकी हुई है। वर्षों पहले तैयार किया गया यह प्रस्ताव अब तक अमल में नहीं आ सका है, जिससे क्षेत्रवासियों के साथ-साथ पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए सड़क के दोनों किनारों की नापजोख भी की जा चुकी है। सड़क विस्तार के लिए बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण अथवा मुआवजे की आवश्यकता भी नहीं है, क्योंकि अधिकांश हिस्सों में सरकारी भूमि उपलब्ध है। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर अवैध कब्जों और नहर लाइन की मौजूदगी के कारण योजना आगे नहीं बढ़ पा रही है।

वर्तमान में यह सड़क काफी संकरी है, जबकि लालपुर, सरोधा और आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग प्रतिदिन इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। सड़क सिंगल होने के कारण दो बड़े वाहनों के आमने-सामने आने पर एक वाहन को सड़क से नीचे उतरना पड़ता है। कई बार यही स्थिति दुर्घटनाओं का कारण बनती है। बाइक सवारों के बीच भी टक्कर की घटनाएं सामने आती रहती हैं। सरोधा बांध और भोरमदेव क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल माने जाते हैं। कवर्धा आने वाले पर्यटक भोरमदेव मंदिर दर्शन के बाद सरोधा बांध की ओर भी रुख करते हैं, लेकिन खराब और संकरी सड़क के कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता है।

पर्यटन सीजन और सावन माह में इस मार्ग पर यातायात का दबाव और अधिक बढ़ जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि भोरमदेव-छपरी से सरोधा बांध होते हुए कवर्धा तक सड़क चौड़ीकरण होने से एक बेहतर वैकल्पिक मार्ग विकसित होगा। इससे यातायात का दबाव कम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। लोगों ने शासन-प्रशासन से इस योजना को प्राथमिकता देते हुए जल्द कार्य प्रारंभ कराने की मांग की है।



### नापजोख पूरी, फिर भी नहीं बढ़ी फाइल

सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। सड़क किनारे की भूमि का सर्वे और नापजोख भी हो चुका है। बावजूद इसके प्रस्ताव वर्षों से विभागीय फाइलों में अटका हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निर्णय लिया जाए तो कम लागत में इस मार्ग का विस्तार संभव है। बताया जाता है कि सिंगल होने के कारण दो बड़े वाहनों के आमने-सामने आने पर एक वाहन को सड़क से नीचे उतरना पड़ता है। कई बार यही स्थिति दुर्घटनाओं का कारण बनती है। बाइक सवारों के बीच भी टक्कर की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

### पर्यटन को मिल सकता है नया रास्ता

भोरमदेव मंदिर, सरोधा बांध और आसपास के प्राकृतिक स्थलों तक पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सड़क चौड़ीकरण होने पर पर्यटकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। साथ ही भोरमदेव-सरोधा-कवर्धा सर्किट विकसित होने से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिल सकता है।

# पोंड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तीन दिवसीय प्रारंभिक वर्ग संपन्न

- स्वयंसेवकों को मिला राष्ट्र निर्माण का प्रशिक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) खंड बोड़ला का तीन दिवसीय प्रारंभिक वर्ग 29 से 31 मई तक गायत्री गुरुकुल पोंड़ी में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में बोड़ला जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए स्वयंसेवकों ने सहभागिता कर शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

खंड कार्यवाह भुवन यादव ने बताया कि इस वर्ग का उद्देश्य स्वयंसेवकों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं समाज सेवा की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद स्वयंसेवक अपने-अपने क्षेत्रों में राष्ट्र जागरण एवं सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। वर्ग के उद्घाटन सत्र में सह जिला कार्यवाह हलधर नाथ योगी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, उद्देश्य एवं कार्यपद्धति की जानकारी दी। वहीं समापन सत्र में दुर्ग विभाग के विभाग बौद्धिक प्रमुख राममुरारी यादव ने राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका पर विस्तार से विचार रखे।

इस अवसर पर सह जिला कार्यवाह रवि वर्मा, विभाग व्यवस्था प्रमुख गोपाल चंद्रवंशी एवं समग्र ग्राम विकास जिला संयोजक कामदत्त गेंद्रे ने भी स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व निर्माण के साथ राष्ट्र उत्थान के कार्यों में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

वहीं समापन दिवस पर नगर भोज का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों एवं स्वयंसेवकों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। आयोजन के माध्यम से सामाजिक समरसता एवं आपसी सहयोग का संदेश दिया गया। वर्ग में जिला किसान कार्य प्रमुख ऋषिराज चंद्रवंशी, जिला गौ सेवा संवर्धन संयोजक उत्तरा वर्मा, खंड बौद्धिक प्रमुख अशोक निषाद, अमन पाली सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। प्रशिक्षण वर्ग के संचालन में शिक्षक दिलहरण साहू, गोविंद वर्मा, हेमलाल पटेल, भुवन वर्मा एवं गजानंद वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही पोंड़ी ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पंडरिया व पाण्डातराई नगर के विकास हेतु 2.98 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात



- विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से जनता की मांगों को मिला सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुशासन, विकास एवं जनसेवा की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई के लिए उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा कुल 2 करोड़ 98 लाख 48 हजार की राशि विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों हेतु स्वीकृत दी गई है।

इस महत्वपूर्ण स्वीकृति से दोनों नगरों के विकास को नई गति मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। विदित हो की 9 जनवरी 2026 को पंडरिया नगर में आयोजित विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आगमन हुआ था। कार्यक्रम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जनता की सुविधाओं एवं पंडरिया विधानसभा के नगरीय निकायों के समुचित विकास हेतु विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों की मांग उनके समक्ष रखी, जिसके लिए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत 2 करोड़ एवं नगर पंचायत पाण्डातराई व इंदौरी के लिए 1-1 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की थी।

जिसके तहत उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा पूर्व में नगर पंचायत इंदौरी हेतु 1 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई थी और आज नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत 1 करोड़ 98 लाख 48 हजार एवं नगर पंचायत पाण्डातराई में विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों का सुनियोजित विकास निरंतर जारी है।

उन्होंने कहा कि पंडरिया नगर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव के आगमन के दौरान क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं एवं विकास कार्यों की मांग उनके समक्ष रखी गई थी, जिसे संवेदनशीलता के साथ स्वीकार करते हुए उन्होंने पूर्व में नगर पंचायत इंदौरी हेतु 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी और आज नगर पालिका पंडरिया के लिए 1 करोड़ 98 लाख 48 हजार तथा नगर पंचायत पाण्डातराई के लिए 1 करोड़ की राशि स्वीकृत की है, जिससे जनता में हर्ष और जनविश्वास स्पष्ट रूप से दिख रहा है।

### विकास, सेवा और सुशासन का नया अध्याय लिखा जा रहा है जिसका लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा

भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा की सरकार केवल घोषणाएं करने में विश्वास नहीं रखती, बल्कि जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का कार्य करती है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास, सेवा और सुशासन का नया अध्याय लिखा जा रहा है, जिसका लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। नगर पालिका पंडरिया में हाई मास्ट लाइट की स्थापना, सर्वसुविधायुक्त उद्यान निर्माण, किड्स प्ले एरिया जैसी सुविधाओं के विकसित होने से नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक वातावरण मिलेगा तथा बच्चों को खेल एवं मनोरंजन के लिए सुरक्षित व सर्वसुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा। वहीं नगर पंचायत पाण्डातराई में मुक्ति धाम उन्नयन एवं सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन निर्माण जैसे कार्य सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को नई दिशा देंगे।

### जनहित व नगर के विकास हेतु महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे ये विकास कार्य

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत नगर के मुख्य मार्गों में हाई मास्ट लाइट, किड्स प्ले एरिया सहित सर्व सुविधायुक्त उद्यान निर्माण, वार्ड क्रं. 09 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड (रौहा क्षेत्र) वार्ड क्रं. 10 पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड (मोतीपुर क्षेत्र) में एवं वार्ड क्रं. 14 संत रविदास वार्ड (कुबा क्षेत्र) में प्रकाश व्यवस्था हेतु कुल 1 करोड़ 98 लाख 48 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही नगर पंचायत पाण्डातराई में सर्व सुविधायुक्त मंगल भवन निर्माण एवं पाण्डातराई में स्थित मुक्तिधाम के उन्नयन हेतु कुल 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। पूर्व में नगर पंचायत इंदौरी में निकाय क्षेत्र अंतर्गत दुकानों के निर्माण, मांगलिक भवन निर्माण एवं मुक्ति धाम के उन्नयन हेतु कुल 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

# पंचायत भवन में आंगनबाड़ी का संचालन, दो नए भवनों की मांग

- खंडहर आंगनबाड़ी, पंचायत भवन में बचपन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा





जिला मुख्यालय से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत डबराभाट में आंगनबाड़ी केंद्र की बदहाल स्थिति नौनिहालों के भविष्य पर सवाल खड़े कर रही है। वर्षों पहले सारंगपुर खुर्द मार्ग पर निर्मित आंगनबाड़ी भवन अब जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो चुका है। भवन की दीवारों और छत में दरारें पड़ गई हैं, वहीं बरसात के दौरान छत से पानी टपकने के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर खतरा बना रहता है।

भवन की खराब स्थिति को देखते हुए करीब एक वर्ष से आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन ग्राम पंचायत भवन में किया जा रहा है। हालांकि यह व्यवस्था भी बच्चों और कार्यकर्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। ग्राम डबराभाट की आबादी 1200 से अधिक है और आंगनबाड़ी केंद्र में 92 से ज्यादा बच्चों का पंजीयन दर्ज है। इतनी बड़ी संख्या के बावजूद गांव में केवल एक ही आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की संख्या को देखते हुए गांव में कम से कम दो आंगनबाड़ी केंद्रों की आवश्यकता है। पंचायत भवन के एक हिस्से में केंद्र संचालित होने से बच्चों को पर्याप्त स्थान नहीं मिल पा रहा है। साथ ही पंचायत की बैठकों और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों के दौरान आंगनबाड़ी संचालन भी प्रभावित होता है, जिससे बच्चों की शिक्षा और पोषण संबंधी गतिविधियों पर असर पड़ता है।

### एक साल से इंतजार, नहीं हुई कोई पहल

ग्रामीणों का आरोप है कि जर्जर भवन की मरम्मत अथवा नए भवन निर्माण की मांग कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन के समक्ष रखी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। परिणामस्वरूप बच्चों को अस्थायी व्यवस्था में ही आंगनबाड़ी की सुविधाएं लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### 92 बच्चों पर एक केंद्र का बोझ

डबराभाट में 92 से अधिक बच्चों का पंजीयन होने के बावजूद केवल एक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। सीमित संसाधनों और जगह की कमी के कारण बच्चों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दो नए भवनों और अतिरिक्त केंद्र की स्वीकृति से बच्चों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है।

### बरसात में बढ़ जाती है चिंता

पुराने आंगनबाड़ी भवन की छत और दीवारें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। बरसात के दिनों में पानी टपकने और भवन के किसी हिस्से के गिरने की आशंका बनी रहती है। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र को पंचायत भवन में स्थानांतरित किया गया था, लेकिन स्थायी समाधान आज तक नहीं निकल पाया है।

## जन-जन के मन से जुड़ता राष्ट्र निर्माण का संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

कुण्डा मंडल के शक्ति केंद्र कोलेगांव अंतर्गत बूथ क्रमांक 228 में रविवार को ग्रामवासियों एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और विकसित भारत-2047 के संकल्प जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी संतोष चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामाधार शर्मा, परमेश्वर साहू, डॉ. संतोष साहू, बूथ अध्यक्ष कृष्णा साहू, विकलेश साहू, गणेश साहू, रवि कुमार साहू, दशरथ साहू, उमेद साहू, राजेश्वर साहू, भूपेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

पेज 9 के शेष

### सर्व ब्राह्मण समाज ...

समाज संगठित रहेगा तो सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकेगा। राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज की पहचान केवल उसकी विद्वता से नहीं, बल्कि उसकी एकजुटता से भी होती है। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित कर नई पीढ़ी को संस्कार, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा, महिला मंच बेमेतरा की जिला उपाध्यक्ष वर्षा गौतम, जिला विशेष आमंत्रित सदस्य विनायक दीवान तथा दुर्ग संभाग महासचिव चंद्रिका प्रसाद शर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए समाज की एकता, महिला सशक्तिकरण, युवा नेतृत्व और संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार के तहत नई नियुक्तियों की घोषणा की गई।

### नवनियुक्त ...

दीपक चौबे, प्रफुल्ल तिवारी, दुर्गेश शर्मा, दिव्यम शुक्ला, राजकुमार मिश्रा, डॉ. तोषण दुबे, अजय मिश्रा, शिवशंकर तिवारी, देवनारायण शर्मा, राजेंद्र तिवारी, दीपक पांडे, संजय शर्मा, अभिषेक दीवान, रामानुज शर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर तीन दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम आयोजित





- नारा लेखन व पोस्टर प्रतियोगिता, तम्बाकू निषेध शपथ, जागरुकता रैली का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर आचार्य पंथ श्री ग्रंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में तम्बाकू नियंत्रण समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक दीपक कुमार देवांगन ने की उन्होंने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन तम्बाकू नियंत्रण समिति संयोजक एवं एनएसएस महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे द्वारा किया गया। इस अवसर पर नारा लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिता, तम्बाकू निषेध शपथ, जागरूकता रैली एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।

छात्र-छात्राओं ने तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों को प्रदर्शित करते हुए आकर्षक पोस्टर एवं प्रभावशाली नारों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर एनएसएस पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश चंदेल, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल शर्मा, सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई के वालंटियर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ, नशामुक्त एवं जागरूक समाज के निर्माण के संकल्प के साथ किया गया।

# श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ

- श्रीमद् भावगत महापुराण कथा श्रवण पान करने उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



नगर के हरिनाला स्थित तिवारी कॉम्प्लेक्स कवर्धा रोड में 1 से 9 जून तक संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जाएगा। तिवारी परिवार के तत्वाधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं को भागवत कथा श्रवण एवं धर्मलाभ का अवसर प्राप्त होगा।

आयोजकों ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपा एवं पूर्वजों के आर्शीवाद से आयोजित इस मोक्षदायिनी कथा का विशेष महत्व है। पुरुषोत्तम मास में भागवत कथा श्रवण को अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। इसी उद्देश्य से क्षेत्र के श्रद्धालुओं से परिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित कथा में शामिल होने की अपील की गई है। यह आयोजन स्व. खेदूप्रसाद तिवारी, स्व. श्रीमती चम्पाबाई तिवारी एवं स्व. दीपक तिवारी की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। कथा व्यास के रूप में पं. भूषण उपाध्याय (मुंगेली) भागवत कथा का रसपान कराएंगे। यजमान के रूप में सुधांशु-अल्का चतुर्वेदी, नरेन्द्र-सरोज तिवारी एवं राहुल कृष्णा शास्त्री (नवागढ़) उपस्थित रहेंगे।

कथा के दौरान ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, श्रीरामावतार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, सुदामा मिलन तथा श्रीकृष्ण-रुखमणी विवाह सहित विभिन्न आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

सोमवार को भव्य शोभायात्रा एवं वेदी पूजन के साथ कथा का शुभारंभ किया वहीं कथा का समापन 9 जून को गीता एवं तुलसी वर्षा, हवन, तर्पण तथा सहस्त्रधारा कार्यक्रम के साथ होगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक निर्धारित किया गया है। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने अपील किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## राज कुमार जायसवाल कार्यकारी सदस्य बने



**भिलाई।** भारतीय जनता मजदूर ट्रेड कउसिंल ने हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी राजकुमार जायसवाल को प्रदेश कार्यकारी सदस्य मनोनीत किया गया है। कउसिंल के प्रदेश महामंत्री बृजेश कुमार पाण्डेय ने पत्र जारी कर राजकुमार को नियुक्त किया है। इन्हें ऑल इंडिया कैजुएल वर्क्स यूनियन सेक्टर की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री जायसवाल पूर्व में मेटाडोर परिवहन संघ अध्यक्ष भी रह चुके है।

## गर्मी बढ़ने से टाउनशिप में बढ़ी पेयजल किल्लत

**भिलाई।** बीएसपी टाउनशिप में गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी की किल्लत भी बढ़ती जा रही है। अधिकतर सेक्टरों में ऊपर के मालों में पानी ठीक से नहीं चढ़ने से रहवासियों को ग्राउंडफ्लोर के क्वार्टरों से पानी ऊपर ले जाना पड़ रहा है। कई लोग वाटरएटीएम और बोरिंग से पानी ले जा रहे हैं। सबसे दयनीय स्थिति सेक्टर 6 और 7 की है। टाउनशिप में पिछले पांच साल से एक ही टाइम यानी सुबह ही एक घंटे नलों में पानी की सप्लाई हो रही है। इस पर पेयजल पाइप लाइनों वर्षों पुरानी होने से ऊपर के मालों के क्वार्टरों के नलों में पानी की धार इतनी पतली है कि एक घंटे में पानी के लायक ही लोग पानी भर पा रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि वाटर एटीएम में लाइन लगाकर मुश्किल से पानी मिल रहा है। सेक्टर 6 और सेक्टर 7 में तिमंजिला मकानों के ऊपरी माले में सबसे ज्यादा लोगों को पानी को लेकर परेशानी हो रही है।

निधन

## प्रभाकर शर्मा



**नवागढ़।** वार्ड 6 नवागढ़ निवासी प्रभाकर शर्मा (43 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। वे पं.रविन्द्र शर्मा के छोटे भाई एवं स्वर्गीय सुरेंद्र शर्मा के सुपुत्र थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

# खुशनुमा मौसम से मैत्रीबाग में बढ़ी रौनक, ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

### पर्यटक टाइगर को पानी के शावर में मस्ती करते देख रोमांचित हो रहे

बदली पानी के चलते मौसम खुशनुमा होते ही मैत्रीबाग की रौनक बढ़ गई है। पिछले दो तीन दिनों से शाम को अंधड़ और बूंदाबांदी के चलते लोग मैत्रीबाग घूमने आ रहे हैं। खासकर दोपहर बाद यंगस्टर और ग्राम्य क्षेत्र के लोगों की भीड़ बढ़ गई है। पिछले महीनेभर से शहर का पारा चालीस पार होने से भारी गर्मी और उमस के कारण मैत्रीबाग आने वाले सैलानियों की तादाद कम हो गई थी। पखवाड़ेभर से तो तामपान 42 से 44 सेल्सियस डिग्री पर ठहर जाने से लू का माहौल रहा। इसका असर मैत्रीबाग के वन्य प्राणियों पर भी पड़ रहा था। अधिकतर जानवर सुबह और देर शाम को ही बाहर निकलते थे। दिनभर अपने कैज में सिमटे रहते थे। प्रबंधन द्वारा जानवरों और परिंदों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए ठंडकता के इंतजामों को बढ़ा दिया गया । लेकिन पिछले दो दिन दिनों मौसम बदलने से थोड़ी ठंडकता के चलते वन्य प्राणी अपने एनक्लोजर में चहलकदमी करते नजर आ रहे हैं। बदली और बूंदाबांदी के चलते मैत्रीबाग में पर्यटकों की रौनक बढ़ी है। सुबह और शाम को युवाओं के साथ आसपास के गांवों के लोग भी प्रकृति का नजारा लेने यहां आ रहे हैं। वे उद्यानवाटिकों के साथ जानवरों और परिंदों का भी नजारा ले रहे हैं। सबसे ज्याद लोग वाइट टाईगर और हिरणों के एनक्लोजर के सामने दिखाई देती है। पर्यटक टाइगरों को पानी के शावर में मस्ती करते देख रोमांचित हो रहे हैं। वहीं हिरणों की भी कुलांचें शाम को बढ़ गई हैं।



#### बोटिंग बंद होने से मायूसी

मैत्रीबाग में भीषण गर्मी में खूबसूरत झील ( पोखर) में बोटिंग का संचालन आकर्षण का केंद्र होता है। लेकिन पिछले महीनेभर से यहां बोटिंग बंद है। इससे पर्यटक खासकर युवा व बच्चों को मायूस होना पड़ रहा है। पर्यटकों ने बताया कि जल्द नौकायन शुरु किए जाने की जरुरत है। बोटिंग का ठेका नवीनीकरण किए जाने या नया एग्रीमेंट किया जाना था। लेकिन अब तक विभाग के लेटलतीफी से इसका संचालन शुरु नहीं हो पाया है। मैत्रीबाग में आठ बोटों हैं। लेकिन सभी बंद पड़ी है।

### ऑफिसों के सामने व रोड पर खड़ी हो रही हैं गाड़ियां, लग रहा है जाम

# उद्घाटन के पूर्व ही ट्रांसपोर्टनगर हथखोज में कब्जों का संजाल, जानलेवा हुआ ट्रैफिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई और भिलाई तीन निगम से जुड़ा भिलाई का औद्योगिक क्षेत्र यानि ट्रांसपोर्ट नगर बेजा कब्जा, अवैध पार्किंग और कई अन्य समस्याओं से जूझ रहा है। नव कायाल्पित ट्रांसपोर्टनगर हथखोज बरसात के मौसम में जलभराव से टापू में तब्दील हो जाता था। अब यहां सड़के बनी तो पूरे क्षेत्र में बेतरतीब वाहन खड़े करने लोगों को परेशानी हो रही है। ट्रांसपोर्टर्स ने इस समस्या से निजात दिलाने और यहां अंडरब्रिज बनाने की मांग की है। इस संबंध में वो लोग विधायक, कलेक्टर और महापौर से मिलकर भी अपनी समस्या रख चुके हैं। वो इतने रोष में है कि उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का निदान नहीं हुआ तो वो लोग धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि तीस साल से ट्रांसपोर्ट नगर बदहाली का आलम झेल रहा था। ट्रांसपोर्टरों की लंबी मांग पर पुराने ट्रांसपोर्ट नगर को दो फेस में विकसित किया गया, लेकिन यहां की समस्याओं को दूर करने के पर कोई जोर नहीं दिया गया। इसका उद्घाटन भी असुविधाओं के बीच ही कर दिया गया। यहां ट्रांसपोर्टरों के आफिस, परिसर और सड़कों पर चौतरफा कब्जे हो गए हैं। इसे देखते हुए छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के बैनर तले एसो. के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा की अगुवाई में पदाधिकारियों व सभी ट्रांसपोर्टर सदस्यों ने विधायक, कलेक्टर व महापौर से मिलकर नगर पालिका व प्रशासन के उदासीन पर नाराजगी जताते हुए जल्द ट्रांसपोर्ट नगर से सभी कब्जे हटाने सहित सभी मांगों के त्वरित निदान की मांग की। श्री बैठा ने बताया कि वर्षों की मेहनत व इंतजार के बाद पुराने ट्रांसपोर्ट नगर का कायाकल्प हुआ है लेकिन नई समस्याओं के चलते ट्रांसपोर्टरों को गाड़ियों की आवाजाही, आफिस संचालन में दिक्कत के साथ कब्जों से जाम व दुर्घटनाएं हो रही हैं। 14 सूत्रीय ज्ञापन में सभी समस्याओं के जल्द निदान की मांग की गई है। इसके तहत यहां डबल रोड का निर्माण इन और आउट के हिसाब से किया गया है लेकिन पूरे ट्रांसपोर्टनगर में 1 रोड को गाड़ी मालिक व कार्यरत मिस्त्रियों के गाड़ियों के खड़ी करने से आवागमन में दिक्कत हो रही है। वहीं आए दिन गाड़ियों के पाट्र्स, डीजल बैटरी वायर आदि चोरी की घटनाएं हो रही हैं। चोरी रोकने सीसीटीवी कैमरे के साथ पुलिस चौकी खोले जाने की मांग की गई है।

### छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसो. ने कलेक्टर व विधायक से की राहत की मांग



#### कई ट्रकें वर्षो से सड़कों पर हैं खड़ी, दुर्घटना का है अंदेशा

ट्रांसपोर्ट नगर में रोड के ऊपर ट्रकें खड़े हो जाने से लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। कई रास्ते तो पूरी तरह से बंद हो जाते हैं। ट्रांसपोटर्स के ऑफिस, सड़कों व आसपास के खाली मैदान में अवैध कब्जों परेशान ट्रांसपोटर्स ने कई बार शिकायत की, लेकिन इस ओर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि कई गाड़ी मैकेनिक खराब गाड़ियों को अपने अवैध गैराज के पास ही कई कई दिन के लिए खड़ा कर दे रहे हैं। अगर इस पर रोक लगे तो ट्रांसपोर्टरों को राहत मिलेगी। उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर में आने जाने के लिए दोनों गेट में बैरीकेट्स की मांग की है।

#### रेलवे क्रासिंग पर बने अंडरब्रिज आवागमन में होगी सुविधा

ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन ने फेस टू रेलवे क्रासिंग इंजीनियरिंग पार्क की ओर अंडरब्रिज बनाने की मांग की है। यदि अंडरब्रिज के साथ नहर के ऊपर एक बड़ी पुलिया बना जाए तो फेस टू से डबरापारा रोड से सीधे जुड़ाव होगा। इसकी मांग कलेक्टर व विधायक से की गई है। इससे दुर्घटनाएं कम होंगी। श्री बैठा ने बताया कि कलेक्टर, विधायक व मेयर ने हमें 2 जून के बाद से ट्रांसपोर्टनगर में अवैध कब्जे हटाने सहित सभी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

#### जल्द हटे कब्जे और हो उद्घाटन

“ वर्षो की मेहनत बाद पुराने ट्रांसपोर्टनगर को दो फेस में पुनर्विकास किया गया लेकिन बरसात निकट होने के बाद भी कब्जे सहित चौतरफा समस्याएं दूर नहीं हुई है। जमीन पर अवैध दुकानें चल रही हैं, निगम चुप है। उलटे खाली दुकानों का टैक्स भरने नोटिस दे रहे हैं। कब्जे खाली नहीं किए जाने पर हम धरने के लिए मजबूर होंगे। हमें 2 जून बाद कार्रवाई का आश्वासन मिला है।

**प्रभुनाथ बैठा,** प्रदेश अध्यक्ष
छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

## पटरी पार गांव के लिए अलग नपा गठन करने की मांग, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के देवबलोदा की पार्षद भारती राम सूर्यवंशी ने सोमनी में आयोजित सुशासन शिविर में आवेदन सौंपा है। इस दौरान ग्राम कुगदा, उरला, देवबलोदा, जी केबिन, सिरसाकला, मोरिद, गनियारी और सोमनी गांव को मिलाकर अलग नगर पालिका गठन करने की मांग की है। इसके अलावा पटरी पार क्षेत्र में कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बैंक शाखाएं, पुलिस चौकी भी यहां खोले जाने की मांग की गई। शिव मंदिर वार्ड 31 घासीदास मंदिर, सी केबिन तक सीसी रोड सात बहनिया मंदिर से डीएमसी चौक तक का विद्युत पोल,स्ट्रीट लाइट देवबलोदा बाजार चौक से मुक्तिधाम होते हुए उरला मणिकंचन केंद्र तक पोल, स्ट्रट लाइट, देव बलौदा गौ स्थल से बाजार चौक तक अधूरा नहर निर्माण को पूरा करने आवेदन दिया है। वृद्ध व विधवाएं दिव्यांक जनों को 7 महीने से पेंशन नहीं मिलने की शिकायत भी की गई। रामसागर पारा उरला वार्ड 31 में पाइप लाइन विस्तारीकरण धर्मेंद्र शर्मा के घर से गांगा वर्मा घर तक ग्राम देवबलोदा में पुरुषोत्तम साहू के बड़ी से धनु बंजारे के घर तक नया पाइपलाइन विस्तार करने की मांग किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राम सूर्यवंशी, असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राहुल वर्मा, प्रेम कुमार मिश्रा, विजय पुरी, दक्ष पटेल, सौरभ वर्मा, मोंटी यादव और जीतू श्रीवास्तव मौजूद थे।

## विधायक देवेंद्र ने की डीएलएड परीक्षा तिथि बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- विधायक यादव ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों को लिखा पत्र

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के हजारों विद्यार्थियों की समस्या को देखते हुए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के अध्यक्ष व सचिव को पत्र लिखकर परीक्षा तिथियों में संशोधन करने की मांग की है।

विधायक देवेंद्र यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि जून माह में लोक सेवा आयोग पीएससी की मुख्य परीक्षा निर्धारित है। इसी अवधि में डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं भी आयोजित की जा रही हैं। प्रदेश के अधिकांश प्रशिक्षार्थी दोनों परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में परीक्षा तिथियों के एक-दूसरे से टकराने के कारण विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि एक ही समय में दोनों महत्वपूर्ण परीक्षाओं के आयोजित होने से अनेक परीक्षार्थी किसी एक परीक्षा से वंचित हो सकते हैं। इससे विद्यार्थियों पर अनावश्यक मानसिक दबाव भी बढ़ेगा तथा उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि प्रदेश भर से कई विद्यार्थी उनके पास अपनी समस्या लेकर आए थे। जिन्होंने अपनी पीड़ा बताई और मदद की उम्मीद जताई है। विद्यार्थियों के भविष्य और शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा तिथियों में संशोधन किया जाए, ताकि सभी परीक्षार्थियों को दोनों परीक्षाओं में समान अवसर मिल सके और वे बिना किसी तनाव के अपनी तैयारी पूरी कर सकें।

## चाइना से भी जरूरतमंदों की मदद में जुटे हैं इंद्रजीत सिंह, बुजुर्ग का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- अकेले मृत मिले बुजुर्ग के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी संभाली

सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह उर्फ छोटू इन दिनों व्यावसायिक दौरे पर चाइना में हैं, लेकिन वहां से भी वे जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार सक्रिय हैं। शुक्रवार को उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना मिली कि कोहका हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में रहने वाले अरुण सारंकर का निधन हो गया है और उनका शव पिछले दो-तीन दिनों से घर में पड़ा हुआ है।

मोहल्ले में बदबू फैलने के बाद लोगों को घटना की जानकारी हुई। बताया गया कि मृतक की पत्नी और बेटी काफी समय पहले उन्हें छोड़कर जा चुकी हैं। संपर्क करने पर उन्होंने भी आने से इनकार कर दिया। इसके बाद क्षेत्र की एक महिला ने घटना की जानकारी इंद्रजीत सिंह को दी।



सूचना मिलते ही इंद्रजीत सिंह ने चाइना से अपनी टीम को निर्देश दिए। उनकी टीम ने स्मृति नगर थाना पुलिस के सहयोग से मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। उसका पोस्टमार्टम 1 जून को किया जाएगा। सर्व समाज कल्याण समिति ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दुर्ग पुलिस के सहयोग से मृतक का पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया जाएगा। समिति के इस मानवीय प्रयास की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- प्रियदर्शिनी परिसर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में हुआ आयोजन

भारतीय जनता पार्टी भिलाई जिला कार्यालय, प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों, खिलाड़ियों, युवाओं एवं समाजसेवियों की प्रेरणादायक कहानियों का उल्लेख किया। उन्होंने 100 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करने वाले गुरविंदर सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जल संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, डॉल्फिन बचाव अभियान, खगोल विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ती जनभागीदारी तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले व्यक्तियों और संगठनों के कार्यों का भी उल्लेख किया गया। प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने और प्रेरणादायक कार्यों से सीख लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, कार्यालय प्रभारी योगेंद्र सिंह, विजय जायसवाल, तुलसी साहू, त्रिलोचन सिंह, गोपाल कृष्ण वर्मा, पूनम शुक्ल, पारस जंघेल, रश्मि सिंग, भारती साहू, विजय सिंह, मदन सेन, प्रेम चंद देवांगन, शंकरलाल देवांगन, दिनेश देवांगन आदि उपस्थित थे।



### तीन वार्ड के 75 लोगों की समस्याएं तत्काल निराकरण की गईं

# डुण्डेरा के सुशासन में आए 470 आवेदन, आयुक्त ने की गोदभराई रस्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई/उतई

- मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का आशवासन दी

नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा आयोजित इस वर्ष के अंतिम सुशासन शिविर में तीन वार्डो के 470 लोगों ने अपनी शिकायत और मांगो को लेकर पहुंचे थे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने शिविर में 75 ऐसे आवेदनों का निराकरण मौके पर ही कराकर आवेदकों को राहत पहुंचाई। शिविर में 435 मांगे थी। जिसका प्रस्ताव तैयार कर निराकरण करने का संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए है। सुशासन शिविर ग्रामीण परिवेश वाले डुण्डेरा के तीन वार्डो के लिए लगाया गया। शिविर स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में आयुक्त मोनिका वर्मा पहुंची और चार हितग्राहियों को गोदभराई रस्म अदा की। इस अवसर पर आयुक्त मोनिका ने हितग्राहियों से न केवल चर्चा की, बल्कि सेहत का ध्यान रखते हुए योजना के तहत मिले पौष्टिक आहार का सेवन करने की बात कही। आयुक्त ने पूरे स्टॉल का निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों से मुलाकात की। साथ ही उनकी आवश्यकता और मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का आश्वासन दी। शिविर में अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू क्षेत्रीय पार्षद व महापौर परिषद के सदस्य रोहित धनकर व पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर, जोरातराई के हरिश नायक व विधायक प्रतिनिधि गोंविद साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

#### दिव्यांग की आयुक्त मोनिका वर्मा ने की मदद

शिविर का निरीक्षण करते समय आयुक्त की नजर पंजीयन काउंटर में खड़े दिव्यांग पर पड़ी। वह ट्रायसाईकिल में बैठा हुआ था। दिव्यांग का कहना था कि उसे निवास स्थान का पट्टा चाहिए। आयुक्त मोनिका वर्मा ने भीड़ को देखते हुए कर्मचारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांग के पास जाकर उन्हें न केवल आवेदन उपलब्ध कराए बल्कि संबंधित विभाग प्रभारी उन तक पहुंच कर आवेदन प्राप्त करे। वहीं निगम आयुक्त और जनप्रतिनिधि ने योजना के तहत 6 युवाओं को लर्निंग लाइसेंस बनाकर सौंपा।



#### डुण्डेरा में आए आवेदन पर एक नजर

| | |
|---|---|
| कुल आवेदन - | 470 |
| मांग - | 435 |
| शिकायत - | 35 |
| मौके पर निराकरण - | 75 |
| कुल शेष - | 395 |

## दो स्कूलों के सौंदर्यीकरण के लिए पेवर ब्लॉक कार्य का भूमिपूजन



**अंजोरा।** ग्राम पंचायत चिंगरी के दो सरकारी स्कूलों के सौंदर्यीकरण के लिए जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा द्वारा स्वीकृत 3.57 लाख रुपये की राशि से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। मिश्रा ने कहा कि स्कूल परिसर को सुंदर और व्यवस्थित बनाना बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर पूर्व जनपद सभापति विक्की मिश्रा, पूर्व जनपद सभापति टिकेश्वरी देशमुख, जनपद सदस्य बेला यादव, सरपंच पुष्पा वाघमारे, प्रधान पाठक जे.के. चंद्राकर, उप सरपंच भूषण देशमुख, पंच गीतांजली साहू, लक्ष्मण यादव, राजेश देशमुख, सुनील वाघमारे, ग्रामीण गुलाब देशमुख, कामता साहू, संतोष खूटेल आदि उपस्थित थे।